# महापौर नीरज पाल ने किए जल भराव क्षेत्र का निरीक्षण

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में निरंतर बारिश के कारण जल भराव की स्थिति निर्मित न हो एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए महापौर नीरज पाल, महापौर परिषद सदस्य लक्ष्मीपति राजू सुबह 8 बजे से विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किए। जुनवानी रोड स्थित एम.जे.कालेज समीपस्थ बड़ा नाला, इंदु आई.टी. स्कूल के सामने नाला, वार्ड क्रं. 14 शांति नगर एवं वार्ड क्रं. 17 नेहरू भवन सुपेला के मोहल्लो में छोटे नालो का निरीक्षण किया गया। जहां बारिश पानी की निकासी निरंतर हो रही है, यदि किसी प्रकार की समस्या आती है तो सफाई कर्मी को तैनात करने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को निर्देशित किया गया। चंद्रा मौर्या अंडर ब्रिज का अवलोकन किया गया, अंडरब्रिज के बाजू सम्पवेल में 12.5 एच.पी. का मोटर पम्प लगातार संचालित है, जिसके माध्यम से पानी खाली कराया जा रहा है और सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेट लगाया गया है। आकाश गंगा स्थित व्यावसायिक परिसर एवं अंडरब्रिज का अवलोकन किया गया, जहां स्थिति सामान्य पाया गया। शहर के किसी भी स्थल पर जल भराव जैसी स्थिति निर्मित नहीं हुई है। नाला में कचरा एवं प्लास्टिक से अवरोध न हो, उसके लिए सुपरवाइजरों को निरंतर निगरानी हेतु निर्देशित किये। साथ ही कहीं भी जलभराव जैसी स्थिति निर्मित होती है तो तत्काल सफाई कर्मी तैनात करने एवं मशीनरी के माध्यम से स्थिति के नियंत्रण हेतु व्यवस्था बनाने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किये। निरीक्षण के दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, अंकित सक्सेना, बीरेन्द्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह, चुर्णामणी यादव, किस्टोफर पाल आदि उपस्थिति रहे।

